SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited
... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्‌यम
नवंबर–2014

स्वच्छ भारत अभियानः बीएसईएस के सैकड़ों कर्मियों ने ली स्वच्छता की शपथ

खुद को स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा बनाते हुए, बीएसईएस ने 950 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले अपने सभी ऑफिसों में सफाई को एक मिशन के तौर पर लिया और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर कंपनी के सैकड़ों अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने आस–पास वातावरण को स्वच्छ व साफ–सुथरा बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर हाथों में झाडू लेकर अपने ऑफिस के आसपास के इलाके को साफ भी किया।

15 लाख से अधिक रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को एसएमएस भेजकर स्वच्छता अभियान में शामिल होने का अनुरोध किया गया।

इसके अलावा, बीएसईएस ने स्कूलों में चल रहे अपने कार्यक्रमों में भी छात्रों को सफाई के बारे में जागरूक करने का फैसला किया है।

75 आरडब्लयुए और उपभोक्ता समूहों ने बीआरपीएल के "आपके द्वार" कार्यक्रम में हिस्सा लिया

12 सितंबर 2014 को जनकपुरी डिवीजन में बीआरपीएल ने ओपेन हाउस सेशन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 75 आरडब्लयुए, ट्रेड एसोसिएशनों और उपभोक्ता समूहों के प्रतिनिधियों और विशिष्ट सहयोगियों ने हिस्सा लिया।

बीआरपीएल के अधिकारियों ने बातचीत के दौरान न सिर्फ उपभोक्ताओं के सवालों और चिंताओं के जवाब दिये बल्कि कंपनी द्वारा किये गये तमाम प्रयासों के बारे में भी बताया। इस दौरान बिजली बचत के उपयोगी टिप्स भी बताये गये।

ई– बिल को प्रयोग में लायें और पर्यावरण को बचायें

एक अनुमान के तहत प्रत्येक 3000 कागज के पेपर के लिए एक पेड़ को काटा जाता है। लेकिन अब आप ई–बिल को प्रयोग में लाकर अपने पर्यावरण को बेहतर बनाने में सहयोग कर सकते हैं।

अगर आप बीआरपीएल के दक्षिण और पश्चिम इलाके में रहने वाले उपभोक्ता हैं और आप ई–बिल को प्राप्त करने के लिए इच्छुक हैं तो brpl.customercare@relianceada.com पर अपने सीए नंबर के साथ लिख भेजें।

जैसे चाहें वैसे भरें बिजली के बिल

दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में रहने वाले उपभोक्ताओं को यह जानकर खुशी होगी कि वे अपने बिजली बिलों का भुगतान 5000 से भी अधिक स्थानों व माध्यमों से कर सकते है। ये माध्यम निम्नलिखित हैः

बीआरपीएल बिल भुगतान केंद्र • बीएसईएस स्काईपैक ड्रॉप बॉक्स • क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड • नेट बैंकिंग • ऑटो डेबिट • नजदीकी ईजी बिल आउटलेट • सुविधा और ऑक्सीजन आउटलेट • फोन • इंटरनेट • आईटीजेड कैश कार्ड आउटलेट • बिल भुगतान कियॉस्क • चेक इन मेल सुविधा। इसके अलावा, बड़े उपभोक्ताओं यानी की कंज्यूमर्स के लिए बैंक के जरिए आरटीजीएस / एनइएफटी।

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com देखें।

डॉयल 1800–10–39707ः आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट की शिकायत के लिए

अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा हमारे लिए महत्वपूर्ण है। आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट की शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए बीआरपीएल ने 24x7 कार्य करने वाले एक टोल फ्री नंबर को उपभोक्ताओं के लिए समर्पित किया है।

यह समर्पित नंबर बीआरपीएल के मौजूदा 24x7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 जिस पर आपातकाल एवं स्ट्रीटलाइट की शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं, के अतिरिक्त है।

फ्री एसएमएस और ईमेल पर बिल पाने के लिए रजिस्टर करें और लकी ड्रॉ में इनाम जीतें

क्या आपको बीआरपीएल की ओर से भुगतान देय तिथि या भुगतान पुष्टि का फ्री एसएमएस अलर्ट मिल रहा है? या आपको मेल बॉक्स पर ई–बिल प्राप्त हो रहा है? यदि नहीं तो कृपया अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को रजिस्टर्ड करायें। इससे आपको अत्यधिक उपयोगी अलर्ट प्राप्त होगी।

रजिस्टर करना आसान

- बीआरपीएल के 24x7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 पर कॉल करें या
- brpl.customercare@relianceada.com पर ईमेल करें

बीआरपीएल पर मोबाइल नंबर और और ईमेल आईडी को रजिस्टर्ड कराने से न आपको सिर्फ उपयोगी अलर्ट्स प्राप्त होंगे बल्कि इनाम जीतने का मौका भी मिलेगा। प्रत्येक महीने 3 विजेताओं का नाम लकी ड्रॉ के जरिए चुना जाएगा।

लकी ड्रॉ के विजेता (अक्टूबर के लिए) श्री अशोक कुमार (आर के पुरम) और श्री राम निवास (द्वारका) को बीआरपीएल के सीईओ श्री अरविंद गुजराल ने पुरस्कार दिया। तीसरी विजेता सुषमा बेल (द्वारका) रही।

Send in your feedback to Corporate Communications, BSES Rajdhani Power Limited, Regd. Off: BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi - 110019
CIN No U74899DL2001PLC111527, Tel No +91 11 399-99-707, Website www.bsesdelhi.com
To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy